## एक नजर में

### हनीट्रैप के जाल में फंसाकर ब्लैकमेलिंग : सनावद पुलिस ने 5 सदस्यीय गिरोह का किया भंडाफोड़, 3 महिलाएं सहित सभी गिरफ्तार




**सनावद, निप्र।** सनावद थाना क्षेत्र में एक संगठित हनीट्रैप और ब्लैकमेलिंग गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरोह के 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिसमें 3 महिलाएं और 2 युवक शामिल हैं। गिरोह आपत्तिजनक वीडियो बनाकर पीड़ितों से लाखों रुपये की वसूली कर रहा था।

**घटना का विवरण :-** पुलिस के अनुसार, ग्राम सताजना निवासी एक व्यक्ति ने 6 फरवरी 2026 को थाना सनावद में शिकायत दर्ज कराई। उसने बताया कि 2 फरवरी को एक महिला (जिसने खुद को सपना बताया) ने बार-बार फोन कर पद्मावती कॉलोनी, सनावद स्थित अपने घर बुलाया। वहां महिला ने पीड़ित को कमरे में ले जाकर सहमति से संबंध बनाए, तभी अचानक दो पुरुष और एक अन्य महिला कमरे में घुस आए। मुख्य आरोपी महिला ने अपना नाम वैजंती बताया और छिपे मोबाइल से वीडियो रिकॉर्ड कर लिया। आरोपियों ने पीड़ित को वीडियो वायरल करने, जान से मारने और झूठे बलात्कार केस में फंसाने की धमकी देकर ढाई लाख रुपये की मांग की। डर के मारे पीड़ित ने 6 फरवरी को 10,000 रुपये दिए, लेकिन धमकियां जारी रहीं, जिससे वह मानसिक रूप से परेशान हो गया।

**पुलिस की त्वरित कार्रवाई :-** शिकायत मिलते ही थाना सनावद की टीम ने भारतीय न्याय संहिता (क्ष्क्ष्स्) की धारा 308(7), 351(3), 3(5) के तहत मामला दर्ज किया। एसडीओपी बड़वाह श्रीमती अर्चना रावत के मार्गदर्शन और थाना प्रभारी श्री धर्मेंद्र यादव के नेतृत्व में टीम ने छापेमारी की। मुख्य आरोपी वैजंती के घर से दबिश दी गई, जहां उसने अपराध कबूल लिया और साथियों के नाम बताए।

**गिरफ्तार आरोपी :-** वैजंती (पति संजय दुबलिया, उम्र 40 वर्ष, मुख्य आरोपी, निवासी पंडित कॉलोनी, सनावद), समीर (पिता लियाकत अली, उम्र 22 वर्ष, निवासी टेचिंग ग्राउंड, खंडवा रोड, सनावद), सावन (पिता मोहन मौरे, उम्र 21 वर्ष, निवासी टेचिंग ग्राउंड, खंडवा रोड, सनावद), 4-5. दो अन्य महिलाएं (नाम जांच में शामिल) पुलिस ने पीड़ित से वसूले गए 10,000 रुपये और आपत्तिजनक वीडियो जब्त कर लिए। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

**वरिष्ठ अधिकारियों की सराहना :-** यह कार्रवाई पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन श्री अनुराग, पुलिस उप महानिरीक्षक निमाड़ रेंज श्री सिद्धार्थ बहुगुणा, पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री रविंद्र वर्मा और अतिरिक्त एसपी (ग्रामीण) श्रीमती शकुंतला रुहल के निर्देशों पर हुई। पुलिस का कहना है कि जिले में ऐसी अवैध गतिविधियों पर सख्ती से नकेल कसी जाएगी।

**सावधानी का संदेश :-** पुलिस ने आमजन से अपील की है कि अनजान नंबरों से आने वाली कॉल्स या मिलने के प्रस्ताव पर सतर्क रहें। किसी भी ब्लैकमेल की स्थिति में बिना डरे तुरंत नजदीकी थाने में शिकायत दर्ज कराएं—पुलिस ऐसी घटनाओं पर तेजी से कार्रवाई करती है।

### निमाड़ महासंघ का नि :शुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया

**खरगोन, निप्र।** निमाड़ महासंघ विकास समिति, श्री अरविंदो अस्पताल इंदौर एवं जिला प्रशासन खरगोन के संयुक्त तत्वावधान में आज मां उमिया धाम, करौंदिया (मंडलेश्वर) में जिला स्तरीय नि :शुल्क मेगा मेडिकल कैंप आयोजित किया जा रहा है। निमाड़ महासंघ विकास समिति अध्यक्ष संजय रोकड़े, सचिव कृष्णकांत रोकड़े धर्मेंद्र पाटीदार ने बताया कि यह शिविर स्वस्थ्य निमाड़, समृद्ध निमाड़ तथा जनकल्याण के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है निमाड़वासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक लोग पहुंचकर नि :शुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लें। शिविर का समय सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक रहेगा। जहां शिविर में इंदौर के विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा हृदय, कैंसर, स्त्री रोग, नेत्र, नाक-कान-गला, हड्डी, शिशु एवं जनरल मेडिसिन से संबंधित नि :शुल्क परामर्श एवं जांच की जाएगी। साथ ही ईसीजी, शुगर, बीपी, हीमोग्लोबिन, आंखों की जांच, सर्वाइकल कैंसर एवं स्तन कैंसर (मैमोग्राफी) की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी।




### 15 को निकलेगी नीलकंठेश्वर महादेव की मनोहारी बारात



**खरगोन, निप्र।** भगवान शिव और आदि शक्ति मिलन का महापर्व महाशिवरात्रि 15 फरवरी को उत्सवी माहौल में मनाया जाएगा। महाशिवरात्रि पर टेगौर पार्क में विराजित भगवान नीलकंठेश्वर महादेव की भव्य बारात भी निकाली जाएगी। इस बारात को भव्यता देने के लिए रविवार को महांकाल सेवा समिति की बैठक आहुत की गई। समिति अध्यक्ष राजेश वर्मा ने बताया बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है, इस वर्ष श्री नीलकंठेश्वर की मुख्य झांकी के साथ शिव बारात को वृहद रुप देते हुए बेंड, भोले नाथ की वेशभूषा, पियुष भजन पार्टी, हनुमान जी झांकी, बाहुबली भोलेनाथ व अघोरी, बाहुबली हनुमान जी व वानर दल व गौरीला, नंदी सवार भोलेनाथ, गरबा नृत्य, माता झांकी का कारवां शामिल किया जाएगा। शिव बारात में डीजे और ढोल-तांशों पर भक्ति गीतों से शिव आराधना की जाएगी, वहीं भक्ति भक्ति में रमेंगे।

### संतश्री नरहरि महाराज की पुण्यतिथि पर निकली पालकी यात्रा, समाजजनों ने किया नमन



**खरगोन, निप्र।** अहिर सुवर्णकार समाज ने संत शिरोमणि श्री नरहरि महाराज की 440वीं पुण्यतिथि स्वर्णकार कॉलोनी स्थित सोनारवाड़ा में धूमधाम से मनाई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक बालकृष्ण पाटीदार न समाज की उभरती प्रतिभाओं को सम्मानित किया। समारोह में उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में समाजजनों को संगठित रहते हुए अपनी युवा शक्ति विशेषत : नारी शक्ति को सतत प्रेरित करना होगा। महिला और युवा सशक्तिकरण से ही समाज का विकास संभव है। समाज के अध्यक्ष डॉ. शरद दिंडोरकर ने कहा कि समाज के स्वतंत्रता सेनानी स्व. बाबूलाल माड़ीवाले की स्मृति में बने इस सोनारवाड़ा भवन में विगत एक दशक से प्रतिवर्ष नरहरि महाराज की पुण्यतिथि ऐसे ही धूमधाम से मनाई जाती रही है। आयोजन में समाजसेवी नरेंद्रसिंह चावला, सोनी समाज महिला अध्यक्ष मंजूला सोनी, ज्योतिषाचार्य बसंत सोनी, कीर्ति जैन, योगेश सोनी, दिलीप सोनी, बद्रीलाल सोनी, रमेश सोनी आदि शामिल हुए। कार्यक्रम में नवनिर्मित महिला मंडल कार्यकारिणी की घोषणा भी हुई, जिसमें महिला मंडल की अध्यक्षा मोनिका संजय दिंडोरकर के साथ अन्य पदों की नवनियुक्ति की गई। कार्यक्रम का संचालन मार्गदर्शिका हर्षाली अधिकार पंडित एवं महिला मंडल सचिव अनुषा अधिकार ने किया।

# वीबी जी राम जी योजना को जन-जन तक पहुंचाने का किया आह्वान

## भाजपा कार्यालय पर जिला स्तरीय सम्मेलन का आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**खरगोन, निप्र।** विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी जी राम जी) योजना के प्रचार- प्रचार को लेकर रविवार को भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर जिला स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रुप में प्रदेश के अनुसूचित जाति कल्याण विभाग मंत्री नागर सिंह चौहान, खंडवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटील, किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र राजपुत, पूर्व कृषि राज्यमंत्री एवं खरगोन विधायक बालकृष्ण पाटीदार, महेश्वर विधायक राजकुमार मेव ने जिला पदाधिकारियों, मंडल पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में मौजूद कार्यकर्ताओं के बीच योजना से किस तरह मजदूरों का हित एवं गांव का विकास होगाए इसकी जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष श्रीमती नंदा ब्राह्मणे ने कहा कि वीबी जी रामजी योजना गांव, शहर के साथ ही किसान और मजदूर की दशा और दिशा बदलने वाली योजना है, क्योंकि इसमें मजदूर को रोजगार की शत. प्रतिशत गारंटी होगी। उन्होंने वीबी जी राम जी योजना के साथ ही हाल ही में प्रस्तुत बजट को जन-जन तक पहुंचाकर उसके लाभ जनता को बताने की अपील की है। मुख्य अतिथि एवं वक्ता मंत्री श्री नागर ने पदाधिकारियों से आह्वान करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में नए बदलाव की सोच को लेकर वीबी जी रामजी योजना और बजट लागू कराया है। इन दोनों कार्यक्रमों का लाभ जन-जन को मिले, इसके लिए इसका प्रचार. प्रसार करना हम सब की जिम्मेदारी है। हमारे विपक्षी दल याने कांग्रेस इन योजनाओं को लेकर भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहे हैए लेकिन इनसे पहले हमें जनता को इनके फायदे बताने है। कांग्रेस भ्रम फैला रही है कि मनरेगा बंद कर दी गई लेकिन मनरेगा बंद नही हुई है। उन्हें केवल जी राम जी कहने में संकोच है। इसके लिए भ्रम फैलाया जा रहा है। उन्होंने बजट की सराहना करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने हर क्षेत्र में काम के लिए 53.50 लाख करोड़ का बजट पारित किया है, जो अब तक के इतिहास का सबसे बड़ा बजट है। इसमें अकेले मजदूरों के लिए 1.51 लाख करोड़ के बजट का प्रावधान किया है।






**रामजी के नाम से विरोधियों के पेट में मरोड़:-** सांसद श्री पाटील ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि वीबी जी रामजी योजना में भ्रष्टाचार के रास्ते बंद कर मजदूर, किसान और गांव के विकास का मार्ग प्रशस्त किया गया है। योजना में बदलाव से मजूदर, किसान को कोई प्रभाव नही पड़ेगा, लेकिन कांग्रेस के पेट में जी राम जी नाम देने से मरोड़ पड़ रही है। उन्हें हमेशा राम जी के नाम से चिढ़ रही है। यही कारण है कि वह योजना के नाम से जनता में भ्रम फैला रहे है। भाजपा कार्यकर्ताओंए पदाधिकारियों को चाहिए में वे गांव.गांव चौपाल लगाकर जनता को बताएं कि इससे गांव का विकास होगा। योजना में अब सारे निर्णय लेने के अधिकार ग्रामीणो और ग्राम सभा को दे दिए है। इसमें किसानों के हितों का भी ध्यान रखा गया है। रबी और खरीफ सीजन में जहां इस योजना में काम बंद रहेगा तो किसानों को मजदूर आसानी से मिलेंगेए वहीं मजदूरों को भी खेतों में रोजगार मिलेगा।

**ग्राम विकास के लिए 87 हजार से 1.51 लाख करोड़ का प्रावधान:-** विधायक श्री पाटीदार ने कहा कि इस योजना का मूल लक्ष्य गांवों को सशक्त बनाना और भ्रष्टाचार पर रोक लगाना है। पूर्ववर्ती सरकारों के कार्यकाल में जवाहर रोजगार जैसी योजनाएं चलायी गयी, लेकिन उसका लाभ आम लोगों तक नहीं पहुंचा। इस योजना में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ। मजदूरों के जॉब कार्ड का दुरुपयोग हुआ। इन सब को ध्यान में रखते हुए मोदी सरकार ने पूरी पारदर्शिता लाने के लिए इसमें बदलाव कर मजदूरों को गांव में ही रोजगार देने की महती योजना शुरु की है। इस योजना से गांव और मजदूर की दशा और दिशा बदले इसके लिए 87 हजार के बजट को बढ़ाकर सीधे 1 लाख 51 लाख करोड़ रुपए किया गया है, जो अब तक का सबसे बड़ा बजट है। यह योजना गांव के विकास के साथ-साथ भ्रष्टाचार को समाप्त करने की दिशा में एक ठोस कदम है। सीधे हितग्राही के खाते में राशि पहुंचेगी। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कांतिलाल कर्मा ने बताया बैठक को प्रदेश उपाध्यक्ष श्री राजपुत, वीबी जी रामजी योजना जिला संयोजक वीरेंद्र पाटीदार ने भी संबोधित किया। इस दौरान केंद्रीय बजट जिला संयोजक हरे सिंह चावड़ा, आजीवन सहयोग निधि संयोजक एवं जिला महामंत्री विवेक भटोरे, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जगदीश पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष परसराम चौहान, पूर्व जिलाध्यक्ष रणजीत सिंह डंडीर, वरिष्ठ नेता चंदर सिंह वास्कले आदि मंचासीन थे। बैठक का संचालन सतनाम कुशवाह ने किया एवं आभार जिला उपाध्यक्ष श्रीमती शालिनी रतोरिया ने माना।

**यह रहे मौजूद:-** भाजपा जिला उपाध्यक्ष शंभू सिंह मनहर, जिला उपाध्यक्ष प्रभा राठौर, जिला मंत्री अनुराग दांगी, जिला मंत्री अमिता मंत्री, जिला कोषाध्यक्ष भीम सिंह जाधव, कार्यालय मंत्री विजय पटेल, समस्त मंडल अध्यक्ष, सोशल मीडिया प्रभारी अमित मौर्य, वीबी जी राम जी भीकनगांव संयोजक दिलीप जोशी, वीबी जी राम जी संयोजक ताराचंद यादव, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष शीतल राठौर, वीणा जायसवाल, पुर्वा व्यास लोकसभा संयोजक केंद्रीय बजट संवाद, बेबी मंडलोई पार्षद, पूजा वोरे, गीतांजलि तिवारी, माया खोड़े सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कांग्रेस की आदत है विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं में बाधा बनना : मंत्री चौहान

खरगोन, निप्र। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हाल ही में वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत किए गए केंद्रीय बजट-2026-27 में बजट की घोषणाओं और नीतियों को आम जनता तक सीधे पहुंचाने के उद्देश्य से रविवार को भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर प्रेसवार्ता आयोजित की गई। इसमें प्रदेश सरकार के अनुसूचित जाति कल्याण विभाग मंत्री नागर सिंह चौहान, खंडवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने बजट के 24 महत्वपूर्ण प्रावधानों, घोषणाओं की जानकारी बड़ी संख्या में पहुंचे इलेक्ट्रानिक एवं प्रिंट मीडिया के पत्रकारों से साझा की। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती नंदा ब्राह्मणे, पूर्व कृषि राज्यमंत्री एवं खरगोन विधायक बालकृष्ण पाटीदार, महेश्वर विधायक राजकुमार मेव आदि मौजूद रहे। मंत्री श्री चौहान ने पत्रकारों के विपक्ष द्वारा बजट पर उठाए जा रहे सवालों पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत किए गए इस बजट से समूचे देश में खुशी का माहौल है, इसे विकसित भारत के संकल्प को गति देने वाला बजट बताया जा रहा है, वहीं कांग्रेस की आदत बन गई है, देश के विकास के लिए बनाई जा रही योजनाओं, जनकल्याणकारी योजनाओं में खामियां निकालना, बाधाएं खड़ी करना। लेकिन जनता के सरकार पर भरोसे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर विश्वास के चलते देश के तेजी से विकास कर रहा है। यह बजट बुनियादी ढांचे, पर्यावरण और नागरिक सुविधाओं को मजबूत करने वाला बजट है। इस बजट में 2026-27 के बजट अनुमानों में कुल व्यय 53-5 लाख करोड़ आंका गया है, जिससे महानगर, शहर विकास के साथ ही ग्रामीण विकास और ग्रामीण रोजगार, महिला सशक्तिकरण, युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने का भी ध्यान रखा गया है। इस बजट को ज्ञान का बजट कहें तो अतिश्योक्ति नही होगी। क्योंकि इसमें जी-गरीब, व्हाय युवा, ए-अन्नदाता और एन- नारी शक्ति को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मोदी सरकार ने अपने संकल्प को दोहराया है। यह बजट देश के 140 करोड़ नागरिकों के सपनों, आकांक्षाओं और भविष्य की मजबूत नींव रखने वाला बजट है। यह बजट गरीब, किसान, युवा, महिला, मध्यमवर्ग और उद्यमी के सशक्तिकरण की स्पष्ट दिशा का मार्ग प्रशस्त करता है। यह बजट इतिहास के उस बजट के रुप में याद किया जाएगा, जिसने विकसित भारत के संकल्प को पुर्ण किए जाने की दिशा में बढ़ते भारत के कदमों को गति दी है। पत्रकारवार्ता का संचालन पूर्व जिलाध्यक्ष परसराम चौहान ने किया। इस दौरान पूर्व जिला मीडिया प्रभारी मोहन जायसवाल भी उपस्थित रहे।

# वैद्यराज की चिकित्सा और बेटी की सेवा से ठीक हो जाता है परिक्रमावासी

**मंडलेश्वर, निप्र।** मंडलेश्वर में भी अब विगत चार दिनों से लाइट कैमरा एक्शन सुनाई दे रहा है।यहां मराठी फिल्म स्टार चिन्मय उदगिरकर नर्मदा परिक्रमा पर एक फिल्म मराठी और हिंदी भाषा में इन दिनों शूट कर रहे है।जहां फिल्म के हीरो खुद चिन्मय ही है वे फिल्म निर्माता भी है।इस फिल्म में नर्मदा परिक्रमा वासियों के जीवन में आने वाली कठिनाइयों का चित्रण है।अभी चल रही शूटिंग देखने पर जो कहानी समझ में आ रही है उसमें फिल्म का हीरो चिन्मय एक नर्मदा परिक्रमा वासी है जो परिक्रमा करते हुए मंडलेश्वर नगर में पहुंचता है जहां वो घायल होकर मंदिर के सामने गिर कर बेहोश हो जाता है।जिसे एक बाल कलाकार रिधान कुलकर्णी आम लोगों की मदद से वैद्य के घर पहुंचाते है। फिल्म में जो वैद्य है वो नगर के बड़े वैद्य है जिनकी एक सुंदर लड़की भी है जो बच्चों को पढ़ाती भी है। वैद्य जी परिक्रमा वासी का उपचार करते है इस काम में लड़की भी उनकी मदद करती है।



**परिक्रमा वासियों के अनुभव सुनकर बनाई फिल्म:-** फिल्म के डायरेक्टर है निशांत धापसे जो कि मराठी फिल्मों के अलावा हिंदी की एक फिल्म में भी बतौर सह निदेशक काम कर चुके है जो एक अच्छे फिल्म लेखक भी है।उन्होंने बताया कि निर्माता चिन्मय ने मुझे नर्मदा परिक्रमा पर फिल्म बनाने की बात कही फिर मैने कई परिक्रमा वासियों से चर्चा की और नर्मदे हर फिल्म की स्क्रिप्ट तैयार की।जो कि बहुत ही शानदार है।आम जन में मां नर्मदा के प्रति जो आस्था विश्वास और श्रद्धा भाव है वो सब कुछ इस फिल्म में दिखेगा। एक परिक्रमा वासी को अपनी यात्रा के समय कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।जब कोई यात्री विषम परिस्थिति में फंस जाता है तो संकट मोचन हनुमान उसकी सहायता करते है वे किसी भी रूप में आ सकते है इस फिल्म में वे बालक रूप में आकर परिक्रमा वासी की रक्षा करते है।

**नायिका का सौंदर्य और टेलेंट भी दिखेगा:-** इस फिल्म की नायिका है मराठी सिनेमा की ख्यात अभिनेत्री दीप्ति देवी वे एक ग्लैमरस अभिनेत्री है बातचीत और व्यवहार एकदम सामान्य लड़की की तरह हंसमुख और मृदुभाषी है।फिल्म में वे बच्चों को ट्यूशन भी देती है और अपने पिता के काम में भी हाथ बटाती है जब उनके पिता इलाज करते है तो वह उनकी मदद करती है।हीरो उसकी मुस्कान और कटीले नैन देखता है शूटिंग का दृश्य देखकर लगता है उनमें प्यार हो सकता है।रियल लाइफ में भी हीरोइन पोस्ट ग्रेजुएट है। वो कई हिंदी के सीरियलों में भी काम कर चुकी है। लोकप्रिय धारावाहिक बड़े अच्छे लगते है।

## भगवान सुपार्श्वनाथ के निर्वाण दिवस पर हुआ मण्डल विधान

**सनावद, निप्र।** श्री सुपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर में जैन श्रद्धालुओं ने सप्तम तीर्थंकर भगवान सुपार्श्वनाथ एवं अष्टम तीर्थंकर भगवान चन्द्रप्रभु स्वामी का ज्ञान कल्याणक श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया। डॉ. नरेन्द्र जैन भारती एवं संतोष बाकलीवाल ने बताया कि प्रात: 7 बजे भगवान सुपार्श्वनाथ एवं भगवान चन्द्र प्रभु स्वामी के जलाभिषेक, शांतिधारा, नित्यपूजा के बाद भगवान चन्द्रप्रभु स्वामी की विशेष पूजन की गई। कमलेश भूच एवं प्रियम जैन ने बताया कि श्रद्धालुओं ने मन्दिर के मूल नायक भगवान सुपार्श्वनाथ स्वामी की पूजन के उपरान्त निर्वाण कांड पाठ के सामूहिक पाठ के उपरांत भगवान के मोक्षगमन का प्रतीक निर्वाण लाडू चढ़ाया। उल्लेखनीय है कि फाल्गुन कृष्ण सप्तमी के दिन भगवान चन्द्रप्रभु ने तपस्या के उपरांत केवलज्ञान प्राप्त किया था तथा इसी दिन भगवान सुपार्श्वनाथ स्वामी ने तप-साधना कर मोक्ष प्राप्त किया था, तभी से जैन श्रद्धालु इस दिन आपके ज्ञान एवं मोक्ष कल्याणक श्रद्धा और भक्तिभाव से मनाते आ रहे हैं।



## मुस्लिम समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया

**कसरावद, निप्र।** कसरावद तहसील के ग्राम पीपलगोन में सामूहिक विवाह मुस्लिम एकता कमेटी द्वारा विवाह सम्मेलन आयोजित किया । इसमें 21 जोड़ों का विवाह हुआ मुस्लिम कमेटी ने सामूहिक विवाह कार्यक्रम संपन्न करवाया कार्यक्रम में हिंदू मुस्लिम भाईचारे के साथ सभी का सहयोग रहा आयोजन में आने वाले मेहमानों की भोजन पानी की व्यवस्था की गई कार्यक्रम में अतिथि विधायक सचिन यादव पूर्व जनपद अध्यक्ष अमर सिंह पटेल राजेंद्र राठौड़ रंजीत पटेल दिनेश बिरला जनपद प्रतिनिधि दिनेश सेन पूर्व मंडल अध्यक्ष गजेंद्र पटेल सहित कई जन प्रतिनिधि ने भाग लिया। साथ ही कार्यक्रम संपन्न करवाने वाले पूर्व सदर जैकी खान आलम खान सुभान खान आसिफ खान इसराइल खान शेर खान राज खान सहित स्थानीय युवाओं ने अहम भूमिका निभाई।



**एक नजर में** | प्रकरण में पुलिस ने एक बाल अपचारी को किया गिरफ्तार

# पुलिस की बड़ी सफलता : कसरावद बेड़ी पर युवक की हत्या की गुत्थी को सुलझाया

**नवभारत न्यूज**

**कसरावद, निप्र।** थाना कसरावद पर सूचना प्राप्त हुई कि, एक व्यक्ति का शव मटन मार्केट के पीछे संग्रहालय बेड़ी कसरावद पर पड़ा है । प्राप्त सूचना पर पुलिस टीम को तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना किया व पुलिस टीम के द्वारा घटनास्थल पर पहुँच कर वहाँ आसपास लोगों से चर्चा करने के दौरान ज्ञात हुआ कि मृतक का नाम राकेश उर्फ राका पिता जयराम चौहान उम्र 41 साल निवासी मटन मार्केट कसरावद है । मृतक राकेश नग्न अवस्था में पाया गया व उसके सिर एवं चहरे पर काफी गंभीर चोटे लगी हुयी थी काफी खून निकला हुआ था, घटनास्थल पर खून लगे पत्थर भी पड़े हुए थे जिससे कि प्रतीत हुआ किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा मृतक की पत्थर से मारकर हत्या की गई है । उक्त घटना पर से थाना कसरावद पर अपराध क्रमांक 37/26 धारा 103 (1) बीएनएस का पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया । प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री रविन्द्र वर्मा के निर्देशन व अति. पुलिस अधीक्षक खरगोन (ग्रामीण) श्रीमति शकुन्तला रुहल के मार्गदर्शन में एसडीओपी मंडलेश्वर श्रीमति श्वेता शुक्ला व थाना प्रभारी कसरावद निरीक्षक श्री राजेन्द्र बर्मन के नेतृत्व में थाना कसरावद से पुलिस टीम का गठन किया जाकर उक्त हत्या की घटना मे शामिल आरोपी को शीघ्र से शीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु निर्देशित किया गया था । प्राप्त निर्देशों के परिपालन में पुलिस टीम के द्वारा तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुए व घटनास्थल पर पहुँच कर परिस्थितिजन्य साक्ष्यों को एकत्रित किया गया, साथ ही घटनास्थल पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर जिला खरगोन से एफएसएल टीम, फिंगरप्रिन्ट टीम, सायबर सेल टीम व डॉग स्क्वाड के द्वारा भी घटना स्थल पर निरीक्षण कर मत्वपूर्ण साक्ष्यों का संकलन किया गया । गठित पुलिस टीम के द्वारा घटना स्थल व आसपास के क्षेत्र व सभी संभावित रास्तों के सीसीटीव्ही कैमरे के फुटेजो का संकलन किया गया व उनका बारीकी से अवलोकन किया गया एवं मुखबिरों को भी सक्रिय कर घटना से जुड़ी जानकारी देने के लिए लगाया गया । पुलिस टीम के द्वारा मृतक के परिजनों से 4-5 दिन तक विस्तृत चर्चा की गई एवं कई महत्वपूर्ण पहलू पर बारीकी से जांच की गई जिसमे पुलिस टीम को कई अहम जानकारियाँ मिली जिसमे परिवारजनों ने पुलिस को बताया था कि मृतक राकेश उर्फ राका थोड़ा मानसिक रूप से कमजोर भी था । इन सभी प्राप्त जानकारी के आधार पर पुलिस टीम को ज्ञात हुआ कि, रामदेव बैडी कसरावद पर रहने वाले 01 विधिविरुद्ध बालक ने मृतक की माँ के घर देर शाम शराब पी थी । प्राप्त जानकारी के आधार पर पुलिस टीम के द्वारा उक्त विधिविरुद्ध बालक को अभिरक्षा में लिया गया व उससे उक्त हत्या के प्रकरण में बारीकी व मनोवैज्ञानिक तरीके से बातचित करने पर उसने उक्त हत्या की घटना को करना स्वीकार किया ।



